हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, सोमवार, 20 अक्टूबर, 2025

तापमान
अधिकतम 33.7 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

15 युवा समाज में सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक : बड़ौली



16 भटाना जाफराबाद में प्रदेश का 27वां आक्सीजन बाग लगाया






आज मनाएंगे दीपावली, रोशनी से नहाया शहर

# पूजा के लिए शाम 7.08 से 8:18 बजे तक रहेगा सबसे शुभ मुहूर्त

**सोनीपत।** इस बार दीपावली की तारीख को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई थी, लेकिन ज्योतिषाचार्यों ने अब इस पर स्पष्टता दे दी है। कार्तिक अमावस्या तिथि इस वर्ष दो दिनों 20 और 21 अक्टूबर तक रहेगी, जिससे लोग उलझन में थे कि दीपों का यह महापर्व आखिर किस दिन मनाया जाए। पंडितों के अनुसार, प्रदोष और निशीत काल के कारण इस वर्ष दिवाली सोमवार, 20 अक्टूबर को ही मनाना शुभ रहेगा। इसी दिन मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा करने से घर में समृद्धि और सुख-शांति आती है। आचार्य डॉ. मनमोहन मिश्रा ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार, कार्तिक अमावस्या की रात को महानिशा कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस पावन रात्रि में धन की देवी मां लक्ष्मी पृथ्वी लोक पर भ्रमण करती हैं। इस दिन घरों की सफाई, सजावट और दीप प्रज्ज्वलन का विशेष महत्व होता है। मां लक्ष्मी के स्वागत के लिए आंगन, दरवाजे और छतों पर दीपक जलाए जाते हैं। कहा जाता है कि स्वच्छता और रोशनी के बीच देवी लक्ष्मी का आगमन होता है, जिससे घर में धन-धान्य की वृद्धि होती है।

**कार्तिक अमावस्या की रात को कहते हैं महानिशा, मनाई जाएगी आज**

### दीवाली पूजा के तीन शुभ मुहूर्त

**प्रदोष काल:** शाम 05:46 से रात 08:18 बजे तक
**वृषभ काल:** शाम 07:08 से रात 09:03 बजे तक
**सर्वोत्तम मुहूर्त:** शाम 7:08 से रात 08:18 बजे तक

### ज्योतिषीय गणना के अनुसार तिथि और समय

कार्तिक अमावस्या तिथि 20 अक्टूबर दोपहर 3 बजकर 44 मिनट से शुरू होकर 21 अक्टूबर शाम 5 बजकर 55 मिनट तक रहेगी। ज्योतिषाचार्य डॉ. मनमोहन मिश्रा के अनुसार, दिवाली पूजा के लिए तीन प्रमुख मुहूर्त इस वर्ष विशेष रूप से शुभ रहेंगे। पहला प्रदोष काल मुहूर्त शाम 05:46 से रात 08:18 बजे तक, दूसरा वृषभ काल मुहूर्त शाम 07:08 से रात 09:03 बजे तक, जबकि सबसे श्रेष्ठ और फलदायक पूजा का समय शाम 07:08 से रात 08:18 बजे तक रहेगा।

**मां लक्ष्मी-गणेश की पूजा विधि का विशेष महत्व:** इस शुभ घड़ी में मां लक्ष्मी, भगवान गणेश, कुबेर और सरस्वती की पूजा करना अति फलदायी माना गया है। शास्त्रों में वर्णन है कि जो व्यक्ति प्रदोष और निशीत काल में श्रद्धा से दीप जलाकर लक्ष्मी-गणेश की पूजा करता है, उसके घर में दरिद्रता दूर होती है और धन की वृद्धि होती है।



# वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों संग मनाई दीपावली, मिठाई बांटकर लिया आशीर्वाद

**सोनीपत।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान ने क्राइम यूनिट वेस्ट और थाना शहर पुलिस टीम के साथ सोनीपत स्थित वृद्ध आश्रम पहुंचकर बुजुर्गों के साथ दीपावली का पर्व मनाया। इस अवसर पर डीसीपी कादियान ने वृद्धाश्रम में रह रहे 28 बुजुर्गों (जिनमें 8 महिलाएं और 20 पुरुष शामिल थे) तथा 5 सदस्यों वाले स्टाफ को गर्म कम्बल, चादरें और मिठाई वितरित कीं। उन्होंने सभी से आत्मीय बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। डीसीपी ने आश्रम परिसर में एक जड़ी-बूटी का पौधा भी लगाया और संस्था के कार्यों की सराहना की। डीसीपी कादियान ने कहा कि समाज में वरिष्ठ नागरिक अनुभव और संस्कृति के आधारस्तंभ हैं, हमें उनके प्रति स्नेह और सम्मान का भाव बनाए रखना चाहिए।












# शकुंतला देवी की रस्म पगड़ी में पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व वित्तमंत्री


■ पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने नमन किया



सोनीपत। रस्मपगड़ी के दौरान मेयर राजीव जैन को सांत्वना देते हुए पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

मेयर राजीव जैन के माता शकुंतला देवी की रस्म पगड़ी का आयोजन मुरथल रोड स्थित गीतांजलि गार्डन में किया गया। रस्म पगड़ी में प्रदेश भर के नेताओं ने शिरकत की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि शकुंतला देवी जैन न सिर्फ अपने परिवार के लिए अपितु समाज के लिए भी प्रेरणा स्रोत थीं। उनका धार्मिक व सामाजिक योगदान अविस्मरणीय रहेगा। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। गौरतलब है कि 89 वर्षीय शकुंतला देवी जैन का निधन 17 अक्टूबर को एक निजी अस्पताल में हुआ था। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल, पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु, विधायक कृष्णा गहलावत, विधायक देवेंद्र कादियान, विधायक सुनील सांगवान, आजाद नेहरा, पूर्व जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, उपायुक्त सुशील सांगवान, जिला महामंत्री तरुण देवीदास, रविंद्र दिलावर, नवीन मंगला, सीए पवन गुप्ता, संजय सिंगला, नीरज शर्मा, अरुण बंसल के अलावा श्रद्धांजलि देने वालों में राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक और व्यापारी वर्ग के सैकड़ों लोग शामिल रहे।



सोनीपत। रस्मपगड़ी के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री, पूर्व वित्त मंत्री, विधायक व अन्य।

# युवा समाज में सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक : बड़ौली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

दिवाली के पावन पर्व पर वार्ड नंबर 9 से भाजपा नेता मोनू राठधना द्वारा वार्ड वासियों को निःशुल्क गैस चूल्हा वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, सोनीपत विधायक निखिल मदान एवं खरखौदा विधायक पवन खरखौदा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में वार्ड नंबर 9 में गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए गैस चूल्हे वितरित किए गए। इस वितरण कार्यक्रम के माध्यम से मोनू राठधना ने वार्ड वासियों को निशुल्क 500 गैस चूल्हे वितरित किए। कार्यक्रम स्थल पर आए हुए लोगों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया, मुंह मीठा कराया गया और प्रत्येक लाभार्थी को मिठाई का डिब्बा भेंट कर दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि युवा समाज में सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक हैं। वहीं विधायक निखिल मदान एवं विधायक पवन खरखौदा ने भी मोनू राठधना द्वारा किए गए इस चूल्हा वितरण कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की और क्षेत्रवासियों को दीपावली की मंगलकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोनू राठधना की धर्मपत्नी राखी मोनू राठधना, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी एडवोकेट दिनेश अत्री, विनोद सरपंच, अक्षत दहिया, हेमलता शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



सोनीपत। लोगों को गैस चुल्हे वितरित करते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, मोनू एवं अन्य।

## सोनीपत की जहरीली हवा बढ़ा रही परेशानी

# दिवाली से पहले बढ़ा प्रदूषण का स्तर, एक्यूआई 181 पहुंचा

### दिनभर हवा की रफ्तार केवल छह किलोमीटर प्रति घंटे रही

पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहयोग दें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

त्योहारों की रौनक के बीच जिले की हवा एक बार फिर सांसों के लिए खतरा बनने लगी है। रविवार को सोनीपत का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 181 दर्ज किया गया, जो 'मध्यम से खराब' श्रेणी में आता है। मौसम विभाग के अनुसार, हवा की गति कम होने और वातावरण में नमी बढ़ने से प्रदूषण के कण ऊपर नहीं उठ पा रहे, जिसके कारण वायु गुणवत्ता लगातार गिर रही है। दिनभर हवा की रफ्तार केवल छह किलोमीटर प्रति घंटे रही, जिससे प्रदूषण के स्तर में तेजी से वृद्धि दर्ज की गई।अक्तूबर के अंत और नवंबर की शुरुआत में तापमान में गिरावट और नमी में वृद्धि के चलते वायु प्रदूषण का असर बढ़ जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार स्थिति और भी गंभीर हो सकती है क्योंकि उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण हवा का प्रवाह धीमा हो गया है। इससे पहाड़ी इलाकों की ठंड मैदानों तक पहुंच रही है, लेकिन हवा में फंसे प्रदूषक नीचे ही ठहर जा रहे हैं। शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। त्योहारों से पहले बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से पटाखा रहित दिवाली मनाने की अपील की है। उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि दीपावली पर दीयों से घरों को रोशन करें और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहयोग दें। जिले में ग्रैप-1 के नियम लागू किए गए हैं।



सोनीपत। बढ़ते प्रदूषण के चलते महलाना रोड पर मिट्टी वाले हिस्से में पानी के टैंकर से छिड़काव करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### ठोस कदम उठाने में मदद करेंगे

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के लिए राहत की बात यह है कि मुरथल स्थित वायु प्रदूषण मापक यंत्र लगभग एक वर्ष बाद दोबारा सक्रिय किया गया है। क्षेत्रीय अधिकारी निर्मल कश्यप ने बताया कि अब जिले में प्रदूषण की वास्तविक स्थिति पर निगरानी रखी जा सकेगी। सेंसर से मिले आंकड़े प्रशासन को प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में ठोस कदम उठाने में मदद करेंगे।

# विधायक ने नगरपालिका को भेंट किए तीन हाइड्रॉलिक स्वीपिंग ट्रैक्टर

बोले ट्रैक्टरों के रखरखाव का पूरा खर्च भी सोसाइटी ही करेगी वहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

दीपावली के अवसर पर विधायक देवेंद्र कादियान ने शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश देते हुए नगरपालिका को तीन अत्याधुनिक हाइड्रॉलिक स्वीपिंग ट्रैक्टर भेंट किए। ये ट्रैक्टर देवा सोशल डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा नगरपालिका को सौंपे गए हैं। इन ट्रैक्टरों के रखरखाव का पूरा खर्च भी सोसाइटी ही वहन करेगी। इससे नगरपालिका के संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा और सफाई व्यवस्था और अधिक आधुनिक एवं प्रभावी बनेगी। इन मशीनों की मदद से अब शहर की सड़कों की सफाई मशीनों के माध्यम से की जाएगी। ट्रैक्टरों में लगा हाई-सक्शन सिस्टम धूल और कचरे को खींच लेगा, जिससे वातावरण स्वच्छ रहेगा। साथ ही इनसे सड़कों पर पानी का छिड़काव भी किया जाएगा, जिससे धूल उड़ने की समस्या खत्म होगी। इससे गन्नौर शहर को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषणमुक्त बनाने में मदद मिलेगी। विधायक कादियान ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक कदम है। उन्होंने नगरपालिका अधिकारियों को हिदायत दी कि इन ट्रैक्टरों का सदुपयोग किया जाए और नियमित रूप से शहर की मुख्य सड़कों की सफाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर उन्होंने नगरपालिका के सफाई कर्मियों को भी उपहार भेंट कर सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि उन्होंने सफाई कर्मचारियों की हर सुविधा प्रदान देने का प्रयास किया है। आगे भी सफाई कर्मचारियों के हित में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से अपना काम ईमानदारी से करने की नसीहत दी। इस मौके पर अंकित मल्होत्रा, पार्षद दिनेश अदलखा, वरुण जैन, अजय सरोहा, सतबीर शर्मा, नपा सचिव प्रदीप खर्ब, जेई अरविंद आदि मौजूद रहे।



विधायक देवेंद्र कादियान व पार्षद अत्याधुनिक हाइड्रॉलिक स्वीपिंग ट्रैक्टर भेंट करने के दौरान।



शिक्षकों के साथ सजाए गए मिट्टी के दीये दिखाते हुए एमआर विद्यालय के विद्यार्थी।

### विद्यार्थियों ने सजाए मिट्टी के स्वदेशी दीये

**गोहाना।** महम रोड स्थित एमआर विद्यालय में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में दीप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मिट्टी के स्वदेशी दीयों को आकर्षक ढंग से सजाया। प्रतियोगिता के लिए मार्गदर्शन विद्यालय के एमडी राजबीर शर्मा का रहा। अध्यक्षता प्राचार्या अनीता शर्मा ने की और संयोजन अंशु खासा का रहा।दीप सज्जा प्रतियोगिता कक्षा पहली से कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित हुई। प्रतियोगिता में कक्षा पहली से दीपांशी, कक्षा दूसरी से माही, कक्षा तीसरी से नकुल, कक्षा चौथी से शिवा, कक्षा 5वीं से अक्षिता, कक्षा छठी से खेलप्रिया, कक्षा 7वीं से हर्षिता, कक्षा 8वीं से हिमांशी, कक्षा 9वीं से वंशिका, कक्षा 10 वीं से खुशी, कक्षा 11वीं से नीरज और कक्षा 12वीं से उर्वशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के एमडी राजबीर शर्मा ने विजेता विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया।

# कबड्डी प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

शहीद कप्तान सिंह खेल स्टेडियम में राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

शिवनगरी धनाना स्थित व्यायामशाला एवं शहीद कप्तान सिंह खेल स्टेडियम में रविवार को ग्रामीणों द्वारा बाल खिलाड़ियों की दूसरी राष्ट्रीय स्तरीय नेशनल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में हरियाणा और राजस्थान सहित अन्य राज्यों के खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता करके अपनी खेल प्रतिभा का दमखम दिखाया। कबड्डी प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि बरोदा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल, कयाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं. अनिल धनाना, जिला पार्षद तकदीर नरवाल और पंचायत समिति कथूरा के चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप मलिक रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ पंचायत समिति कथूरा के उप चेयरमैन प्रतिनिधि अनिल दुल और शिवनगरी धनाना के सरपंच प्रतिनिधि अनिल जाटायन ने किया। संयोजन योग सहायक सुनील जाटायन का रहा। खेलों में लड़कों के वर्ग में 41 किलोग्राम और 35 किलोग्राम भारवर्ग जबकि लड़कियों के वर्ग में 37 किलोग्राम भारवर्ग के खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का दमखम दिखाया। राजल जाटायन, पहलवान वजीर सिंह, मा. ओमप्रकाश ने आशीर्वाद दिया।



मुख्य अतिथि पं. अनिल धनाना को स्मृति चिह्न भेंट करके सम्मानित करते।



बोलेरो वैन को जन समर्पित करते माई राम कौशिक व संस्था के पदाधिकारी

### जरूरतमंदों के लिए समर्पित की बोलेरो वैन

**.खरखौदा।** गरीब कल्याण संस्था पिपली द्वारा जरूरतमंद लोगों की सेवा में बोलेरो वैन समर्पित की गई है। इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा पिपली के शहीद दलबीर सिंह स्मारक पर ठंडे के लिए वाटर कूलर की सुविधा प्रदान की गई। कार्यक्रम में क्षेत्र की समाजसेवी संस्थाओं, खेल व शिक्षा में प्रतिभावान विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचने वाले सभी सम्मानित लोगों को पगड़ी व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे भाजपा नेता माई राम कौशिक ने कहा कि जिस तरह सामाजिक संस्थाएं अपने नेक कार्य में समाज का भला कर रही है। उसी प्रकार भाजपा सरकार भी लोगों विभिन्न योजनाओं का लाभ देकर देश के उत्थान में अपनी भूमिका निभा रही है। पूर्व विधायक सुखबीर फरमाना ने कहा कि जरूरतमंद परिवारों को जो गरीब कल्याण संस्था द्वारा सहयोग किया जा रहा है, वह अनुकरणीय है। संस्था द्वारा समाज हित में निःस्वार्थ भाव से काम करना सराहनीय है। संस्था संस्थापक देवेंद्र दहिया, संरक्षक शक्ति ठेकेदार, एडवोकेट गजे सिंह, अश्वनी कौशिक व संस्था से जुड़े लोगों ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों को सम्मानित किया।

### रंगोली में निश्चय सदन प्रथम

**गोहाना।** ग्लोबल पब्लिक स्कूल, खानपुर कलां में दीपावली समारोह में अंतसदनीय रंगोली, हरियाणवी लोक नृत्य और समूहगान प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपनी कला प्रतिभा के रंगों की छटा बिखेरी। विजेताओं को स्कूल के एमडी पंकज जाले और प्राचार्या प्रीति शर्मा ने समारोहपूर्वक पुरस्कृत किया। रंगोली प्रतियोगिता में निश्चय सदन ने प्रथम और विश्वास सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में संकल्प और प्रयास सदन संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। समूह गायन में विश्वास सदन प्रथम, संकल्प सदन द्वितीय और प्रयास सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता में विश्वास सदन, प्रयास सदन और निश्चय सदन क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।






### कम्बल-मिठाई और उपहार भेंट किए

**गन्नौर।** दीपावली के पावन अवसर पर नगर निगम पार्षद एवं भाजपा युवा नेता पुनीत राई ने अपने वार्ड के सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए उन्हें कम्बल, मिठाई और उपहार भेंट किए। पुनीत राई ने कहा कि सफाई कर्मचारी समाज की रीढ़ हैं, जो स्वच्छता बनाए रखने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। दीपावली का त्योहार रोशनी, स्वच्छता और खुशियों का प्रतीक है, इसलिए इन कर्मठ साथियों का सम्मान करना समाज की जिम्मेदारी है। पुनीत राई ने कहा कि वार्ड की स्वच्छता और सुंदरता इन्हीं कर्मचारियों की मेहनत से संभव होती है। उन्होंने सफाईकर्मियों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि समाज में सामाजिक समरसता और एकता का भाव तभी बढ़ेगा जब हम हर वर्ग को समान दृष्टि से देखेंगे और उनके योगदान को सराहेंगे। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने दीपावली की शुभकामनाएं दीं और स्वच्छता के संकल्प को दोहराया। पुनीत राई ने सभी से अपील की कि त्योहारों पर स्वच्छता बनाए रखें और सफाई कर्मचारियों का सहयोग करें।

**सुरक्षा** शहर में दर्जनभर नाके, विशेष गश्त और यातायात व्यवस्था के लिए तैयार पुलिस बल

# सोनीपत में सुरक्षा कड़ी, 16 पीसीआर, पचास राइडर और 31 डायल-112 की ड्यूटी तैनात

करीब डेढ़ दर्जन स्थानों पर नाके लगाए और संवेदनशील बिंदुओं पर गश्त के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

दिवाली और भैया दूज जैसे प्रमुख त्योहारों पर भीड़भाड़ और खरीदारी के मद्देनजर सोनीपत पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं। शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने व्यापक सुरक्षा योजना लागू की है। करीब डेढ़ दर्जन स्थानों पर नाके लगाए गए हैं और कई संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष गश्त के आदेश दिए गए हैं। पुलिस आयुक्त ने पीसीआर, राइडर और डायल-112 की अलग-अलग ड्यूटी लगाकर त्योहारों पर कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए हैं। दिवाली के चलते शहर के बाजारों में खरीदारी का दौर जारी है। मिठाई की दुकानों, कपड़ों के शोरूम और सजावट के बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। ऐसे में पुलिस ने हलवाई हट्टा, सुभाष चौक, कच्चे क्वार्टर क्षेत्र और प्रमुख बाजारों में अलग-अलग टीमों की तैनाती की है। पुलिस बल को भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सतर्क रहकर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए सड़कों पर अनावश्यक वाहन खड़ा करने पर रोक लगाई गई है।

फाइल फोटो



### हर गतिविधि पर निगरानी

प्रशासन अलर्ट, जाम और अव्यवस्था से निपटने को तैयार
पुलिस आयुक्त ने बताया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए 50 राइडर, 16 पीसीआर और 31 डायल-112 गाड़ियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अलर्ट रहने को कहा गया है। वाहनों की जांच लगातार की जा रही है और काली फिल्म लगे वाहनों पर नकेल कसी जा रही है। शहर में कंट्रोल रूम से भी हर गतिविधि पर निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई हो सके।

### पटाखों पर प्रतिबंध

पटाखों पर प्रतिबंध, ग्रीन पटाखों को सीमित अनुमति
प्रदूषण और सुरक्षा कारणों को देखते हुए इस बार सोनीपत पुलिस ने पटाखों की बिक्री और जलाने पर प्रतिबंध लगाया है। हालांकि, नियमानुसार ग्रीन पटाखों को निर्धारित तीन घंटे के समय में जलाने की अनुमति दी गई है। पुलिस ने इस संबंध में विशेष चेकिंग अभियान चलाया है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



**गोहाना।** दि विज्डम स्कूल के बच्चे अपने शिक्षकों के संग जरूरतमंद बच्चों को उपहार भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाई दिवाली

गोहाना। सेक्टर-7 स्थित दि विज्डम स्कूल में दीपावली पर्व जरूरमंद बच्चों के साथ मनाया गया। समारोह में कक्षा पहली से कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों ने जरूरतमंद बच्चों को मिठाई व उपहार भेंट किए।कार्यक्रम के लिए मार्गदर्शन स्कूल के संचालक उत्तम राठी ने कहा कि दीपावली का पर्व न केवल बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है अपितु यह त्योहार हमें आपसी प्रेम व भाईचारे के साथ आगे बढ़ने का संदेश भी देता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की मुख्याध्यापिका रेणु नासा ने की। उन्होंने कहा कि दूसरों की खुशी में ही हमारी अपनी खुशी है। हमेशा एक दूसरे के साथ मिलकर आगे बढ़ें। इससे समाज में एकता की भावना विकसित होती है।

### सुंदरकांड पाठ के साथ हरिनाम संकीर्तन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

श्री राम परिवार, सोनीपत द्वारा श्री सुन्दरकाण्ड का पाठ, हरिनाम संकीर्तन एवं श्री रामकथा का कार्यक्रम नीलम माता मंदिर 4 मरला, सोनीपत में रखा गया। संस्था के प्रमुख ओमप्रकाश अरोड़ा ने श्रीरामचरितमानस के अंतर्गत रावण वध के बाद की कथा सुनाई और बताया कि श्री राम के आगमन पर पूरे नगर को सजाया गया गलियों में सुगंधित द्रव्यों का छिड़काव किया गया और पूरी अयोध्या नगरी को दीपों से सजाया गया जो दीपावली के उत्सव का प्रतीक था। आरती की थालियां सजाकर श्रीराम की आरती उतारी और मंगल गीत गाए। श्री राम का राज्याभिषेक हुआ और उन्होंने 'राम राज्य' की स्थापना की जो शांति और समृद्धि का प्रतीक बना। इस अवसर पर पवन सहगल, ललित बत्रा, मनोज, अश्विनी शर्मा, अशोक, अनूपधवन, महेश पांडे, विजय, रामनिवास मौजूद रहे।

# दिवाली पर रोशनी से सजा गन्नौर

**गन्नौर।** दिवाली पर्व को लेकर शहर में रौनक बढ़ गई है। रेलवे रोड, मुख्य बाजार और रेलवे स्टेशन परिसर को रंग-बिरंगी फैंसी लाइटों और झालरों से खूबसूरती से सजाया गया है। शहर में दीपावली की चमक चारों ओर नजर आ रही है। दुकानों पर मिठाइयों, सजावटी सामान, कपड़े और इलेक्ट्रानिक वस्तुओं की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। व्यापारी भी बिक्री बढ़ने से काफी खुश नजर आ रहे हैं।

## बाजारों में पैदल निकलना भी मुश्किल



वहीं शाम के समय बाजारों में इतनी भीड़ होती है कि पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। भारी ट्रैफिक और भीड़ के कारण कई जगहों पर जाम की स्थिति बन जाती है। इसको देखते हुए पुलिस प्रशासन और नगरपालिका ने मिलकर विशेष इंतजाम किए हैं। पुलिस कर्मियों को मुख्य बाजारों, चौक-चौराहों और रेलवे रोड पर तैनात किया गया है ताकि यातायात सुचारू बना रहे।

## भटाना जाफराबाद में प्रदेश का 27वां आक्सीजन बाग लगाया



सोनीपत। भटाना जाफराबाद में रविवार को लगभग तीन एकड़ भूमि में प्रदेश का 27वां आक्सीजन बाग लगाया गया। मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा ने पौधारोपण कर अभियान की शुरूआत की। सुबह आठ बजे हवन से पौधारोपण अभियान की शुरूआत की गई। ग्रामीणों और पर्यावरण मित्रों के सहयोग से दो घंटे में 1100 फलदार व छायादार पौधे रोपे गए। सरपंच कर्मबीर सिंह और गांव सांदल खुर्द निवासी पर्यावरण मित्र योगेश ने बाग लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभियान के दौरान गोसेवक संत गोपालदास, ट्रीमैन देवेंद्र सूरा पूर्व जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, तीर्थ राणा, जिला पार्षद संजय बड़वासनिया, परिमल कुमार, मोनू बाघड़ू, रामनिवास, भटगांव सरपंच नीरज, जुआं 1और 2 के सरपंच विनोद व सुरेन्दर और ताजपुर तिहाड़, भदाना, माहरा, जाजी, गढ़ी हकीकत, बड़वासनी सहित अन्य गांवों के सरपंच मौजूद रहे।























